एक नजर में

संकष्टी चतुर्थी पर समरसता महायज्ञ : 11 हजार जोड़ों द्वारा आहुति, सनातन एकता का विराट संदेश

बुरहानपुर। संकष्टी चतुर्थी के पावन अवसर पर आगामी 06 जनवरी 2026 मंगलवार को श्री सिद्धेश्वर गणेश मंदिर, मोहना संगम के पासए ब्रह्मपुर में समरसता महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और सनातन मूल्यों के सुदृढ़ीकरण का संदेश देगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रशांत पाटिल ने बताया कि इस महायज्ञ में समाज के प्रमुख जोड़ो सहित 11 हजार जोड़ो द्वारा आहुति अर्पित की जाएगी। यह महायज्ञ प्रात: 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक संपन्न होगा, जिसमें 51 हजार लड्डुओं का महाभोग भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर सनातन संस्कृति की भव्य झलक देखने को मिलेगी। यहां 14 टन वजनी प्राकृतिक नर्मदा नदी के पत्थर से निर्मित विशाल शिवलिंग स्थापित है। इसके साथ ही राजस्थान के शिल्पकारों द्वारा निर्मित नंदी महाराज, निर्माणाधीन 43 फीट ऊंचा त्रिशूल, विशालकाय नाग देवता, डमरू एवं जलाधारी की भव्य संरचनाएं श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करेंगी। समरसता महायज्ञ में सनातन हिन्दू धर्म के समस्त अंगों, सामाजिक संगठनों, धर्मप्रेमी नागरिकों और श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। आयोजन का उद्देश्य जाति.पात से ऊपर उठकर समाज में एकता, सद्भाव और समरसता को सुदृढ़ करना है। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विराट धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

प्रमुख यजमानो में लक्ष्मण झामुजी नायक अध्यक्ष लोखण्डिया माता द्रस्ट मातापुर , रूपसिंगजी पवार अध्यक्ष शिवा बाबा द्रस्ट धुलकोट , अरुणजी शेण्डे अध्यक्ष सर्वब्राहमण समाज , मनोजजी माने राष्ट्रीय सचिव भारतीय सेन समाज , महापौर माधुरी अतुल पटेल , मनोज तारवाला अध्यक्ष वृहद गुजराती समाज , उपेन्द्र गुजराती सचिव सकल पंच गुजराती समाज , गोपालसिंह जी मुजाल्दा अध्यक्ष भिलाला समाज , डॉ राजेन्द्रजी सिंघाल संचालक आयकॉन हॉस्पीटल , गंगारामजी मार्को अध्यक्ष.जिला पंचायत कोरकु समाज , प्रदीपजी पाटिल अध्यक्ष. जनपद पंचायत गुर्जर समाज, गजाननजी महाजन उपाध्यक्ष. जिला पंचायत गुर्जर समाज , राजाजी जगांले समाज प्रमुख वाल्मिकी समाज , रमेश साल्वे समाज प्रमुख चर्मकार समाज , संजयसिंह गहलोत समाज प्रमुख क्षत्रिय राजपुत समाज , कपिल राठौर समाज प्रमुख तैली राठौर समाज, सत्यनारायण वाघ अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, राकेश खत्री समाज प्रमुख खत्री समाज, डॉ. अरूण सूर्यवंशी समाज प्रमुख कोली समाज , भास्करजी महाजन समाज प्रमुख क्षत्रिय काछी माली समाज, अजय कनाडे समाज प्रमुख वाल्मिकी समाज , राजेश मावले समाज प्रमुख बौध्द समाज सहित अन्य यजमान होंगें ।

पांगरी बांध परियोजना को लेकर किसानों का भैंस के आगे बिन बजाओ आंदोलन

बुरहानुपर। पांगरी बांध परियोजना को लेकर किसानों ने फिर 4 जनवरी को बड़ी संख्या में उतावली नदी के निकट इकट्ठा होकर के भैंसों के आगे बीन बजाई और उस मुहावरे को चरितार्थ किया कि भैंस के आगे बीन बजाये । भैंस खड़ी पगुराय , ज्ञात हो कि बुधवार 31 दिसंबर को हजारों की संख्या में अनु विभागीय कार्यालय नेपा नगर में हल्ला बोल आंदोलन किया था। किंतु कोई सकारात्मक जवाब न मिलने पर किसानों ने पुन: बड़ी संख्या में भैंसों के आगे बीन बजा कर अपनी भूमिका को स्पष्ट किया । किसानों का नेतृत्व कर रहे हैं डॉ रवि कुमार पटेल ने कहा कि ष्सरकार भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में दोगुना मुआवजा का प्रावधान है अत: किसानों को दो गुना मुआवजा मिलना चाहिए। इस परियोजना में किसानों आदिवासियों , दलितों और पिछड़ों का शोषण हो रहा हैं और शोषण के विरुद्ध हमेशा से संघर्ष रहा है हम अड़ींग अटल है, हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय न मिल जाएं । इस विचित्र किंतु विचारणीय आंदोलन में बहुत बड़ी संख्या में किसानों , आदिवासियों ने सहभाग लिया प्रमुखता से नंदू पटेल, मान्या भिलावेकर, शुमला, मंसाराम, माधोनाटो, बद्रीवास्कले, श्रीराम, सालिकराम भिलावेकर, संजय चौकसे, विज्जु चौकसे, मामराज, राजूभाई, नवल, राहुल राठोड़ , दिपक पवार, श्रीकिशन, पन्ना पटेल रुपला, कालु चौकसे, नितेश श्रॉफ, विजय, सिताराम, देवा आदि अन्य किसानों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया ।

राष्ट्रसंत आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज का बुरहानपुर आगमन, किया अभिनंदन

बुरहानपुर। परम पूज्य राष्ट्र संत दिगंबर जैन आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज का अपने संघस्थ 15 मुनि, आर्यिका, क्षुल्लक, क्षुल्लिका संघ के साथ दिनांक 4 जनवरी 2026 को बुरहानपुर में प्रात: आगमन हुआ। अआचार्य संघ के आगमन पर उनके पद विहार एवं नगर प्रवेश के समय जैन समाज के गृहस्थजनों ने पाद प्रक्षालन किया तथा दर्शन पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण कियाण् श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री विभव सागर जी ससंघ ने यहां विराजमान विशाल एवं अतिशयकारी जिन मूर्तियों के दर्शन किए और यहां का मूर्ति वैभव देखकर अतिशय प्रसन्नता व्यक्त की। धर्म सभा के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन कैलाश चंद्र पहाड़िया, भरत जैन छावड़ा खंडवा एवं प्रोफेसर सुरेन्द्र जैन भारती ने किया। प्रारंभिक उद्बोधन में प्रोफेसर सुरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि राष्ट्र संत आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ने अल्पवय में मुनि दीक्षा लेकर संसार से मुक्ति का मार्ग चुना है और वे निरंतर पद विहार कर धर्म प्रभावना कर रहे हैं। बुरहानपुर की धरती पर उनके आगमन से इस क्षेत्र का मंगल हुआ है। प्रोफेसर जैन ने बुरहानपुर में पूर्व में विद्यमान 19 जैन मंदिरों का उल्लेख किया और कहा कि यह नगर 2600 वर्ष से अधिक पुराना है। यहां की प्राचीन जैन प्रतिमाएं वर्तमान इतिहासकारों के 1404 में बुरहानपुर की स्थापना के इतिहास को झुठलाती हैं क्योंकि वह इससे भी पुरानी हैं। आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ने पर्यावरण विषय पर महाकाव्य लिखा है जिस पर इंदौर नगर में देश के मूर्धन्य विद्वानों के मध्य अनुशीलननात्मक राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई थी उसमें आचार्य श्री ने डॉक्टर सुरेन्द्र जैन भारती को विद्या वाचस्पति उपाधि प्रदान की थी। अपने प्रवचन में परम पूज्य आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज ने विश्व प्रसिद्ध णमोकार मंत्र के पांच पदों. अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और मुनि, साधु की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि जो व्यक्ति णमोकार मंत्र की साधना कर इसके संक्षिप्त रूप ओम् का ध्यान करता है वह अपनी आत्मा में नई चेतना, नई ऊर्जा प्राप्त करता है। हमें धर्ममय जीवन जीना चाहिए।

ढाई लाख भक्तों ने किए मोती माता के दर्शन, एक हजार क्विंटल मिठाई चढ़ाई

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। लोखंडिया में चल रहे जिले के सबसे बड़े मेले में पौष पूर्णिमा के दूसरे दिन रविवार को करीब ढाई लाख भक्तों ने मोती माता के दर्शन किए। मन्त्रत उतारकर एक हजार क्विंटल मिठाई की प्रसादी माता को चढ़ाई। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। माता के दरबार में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। शाम तक लगभग ढाई लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। दूसरे दिन भी मेला पहुंचने वाले दोनों रास्ते वन.वे कर दिए गए। इस कारण यहां जाम नहीं लगा। भक्तों को आने.जाने में कोई परेशानी नहीं झेलना पड़ी।

पौष पूर्णिमा पर शनिवार को 2 लाख से ज्यादा भक्तों ने माता के दर्शन किए थे। 22 एकड़ में लगे मेले में रविवार को भी हर तरफ भीड़ नजर आई। मेले के 20 गलियों में सुबह से लेकर शाम तक भीड़ ही भीड़ नजर आई। मेले में लगे 15 से ज्यादा झूलों का बच्चों और युवाओं सहित सभी ने लुत्फउठाया। मंदिर और मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की सतर्कता से मेले के दो दिनों में चोरी की घटना कम हुई। मेले में बच्चों के लिए मिक्की माउसए झूले और ट्रेन जैसे मनोरंजन के साधन मुख्य आकर्षण रहे। इन स्थानों पर देर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं। युवतियों और महिलाओं ने सजावटी तथा घरेलू सामान की दुकानों पर खरीदारी कीए वहीं खान.पान के स्टॉलों पर भी काफी भीड़ रही।

मोती माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण झामू पवार ने बताया यहां 150 साल से ज्यादा समय से मेला लग रहा है। यहां देशभर से श्रद्धालू माता के दर्शन करने आते है। इतने ठंड होने के कारण भी श्रद्धांलुओं की श्रद्धा कम नहीं हो रही हैं। मंदिर ट्रस्ट सचिव प्रकाश राठौड़ ने बताया मेले में सुबह से ही बच्चोंए युवाओं और परिवारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर मेला परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा।

मेला समिति अध्यक्ष वसंत देवराम राठौड़ ने बताया मेले में ढाई हजार दुकानें लगीं हैं। मेले में 20 से ज्यादा राजस्व, पंचायत सचिव, मोबाइल लाइजर, स्वस्थ्य विभाग के कर्मचारी भी अपनी सेवा दे रहे हैं। ट्रस्ट सदस्य ईश्वर जाधव ने बताया सोमवार को करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेले का समापन 7 जनवरी को होगा। 6 दिन में करीब सात लाख श्रद्धालु माता के दर्शन करेंगे। यहां ट्रस्टी बाबू महाराज, जोरसिंह पवार, गणेश जाधव, हजारी सिंह चौहान, मदन राठौड़, रामकिशन चौहान, हीरा महाराज, संजय जाधव, चरण सिंह जाधव, अर्जुन सिंह जाधव, पंडित रसाल, धनसिंह पवार और घनश्याम पवार, अशोक राठौड़, विजय राठौड़, ईश्वर जाधव, सुदाम पवार, मुरली ठेकेदार , ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर महाजन और सरपंच प्रतिनिधि रामदास जोगी सहित मंदिर ट्रस्ट और मेला समिति के सभी सदस्य व्यवस्थाओं में जमें रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 350 मरीजों का किया इलाज:- मेले में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। यहां 2 दिन में डॉक्टर्स की टीम ने 350 मरीजों की जांच और इलाज किया। इनमें ब्लड प्रेशर, शुगर और थायराइड सहित घायल लोग भी शामिल रहे।

इंदौर दूषित जल से मौतें, कांग्रेसियों ने विधायक के घर के सामने घंटा बजाया, पुलिस ने रोका

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। इंदौर में दूषित जल के कारण हुई मौतों को लेकर विवाद जारी है। इसी क्रम में रविवार दोपहर 12.30 बजे बुरहानपुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने लालबाग रोड स्थित पूर्व मंत्री और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस के निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने यहां श्घंटा बजाओ आंदोलन किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विधायक निवास तक जाने से रोक दिया। सभी नेताओं को सड़क पर ही रोक लिया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक सहित अन्य नेताओं ने पांच लोगों के साथ विधायक से मिलने की अनुमति मांगी, लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी हुई। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की निंदा की, जिसे इंदौर की घटना से जोड़ा जा रहा है। कांग्रेस के कई नेता और सदस्य मौजूद थे। आंदोलन में पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक हमीद काजी, नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव सहित जिला कांग्रेस कमेटी, पार्षद दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई ,किसान कांग्रेस और सेवादल कांग्रेस के कई नेता और सदस्य मौजूद रहे।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक ने बताया कि यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर किया जा रहा है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा नहीं दे देते।

नगर निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव ने कहा कि इंदौर में 16 लोगों की मौत के विरोध में यह प्रदर्शन दर्ज कराया गया है। विधायक अर्चना चिटनिस अपने निवास पर ही मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं को चाय पर बुलाने का न्योता भी दिया था।

हालांकि पुलिस ने सुरक्षा कारणों से कांग्रेस नेताओं को विधायक निवास के पास तक नहीं जाने दिया। सीएसपी गौरव पाटिल और उनकी टीम ने उन्हें बाहर ही रोक लिया। कांग्रेसियों ने विधायक से मिलने की काफी देर तक जिद की। पहले भी एक बार ऐसे ही विरोध प्रदर्शन के दौरान दूसरे संगठन के लोग भी वहां आ गए थे इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने अनुमति नहीं दी। कुछ देर घंटा बजाकर विरोध जताने के बाद कांग्रेस नेता वापस लौट गए।

भाजपा नेता कैलाश पारीक का किया सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला बुरहानुपर के कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक जी को उनके जन्म दिवस पर प्रदेश भाजपा प्रवथ्ता एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, महामंत्री चिंतामन महाजनए बलराज नावानी, युवा नेता अमित मिश्रा, बलराज नवानी, ओम प्रकाश जी पारीक, सुरेश लखोटिया, नरहरि दीक्षित, दिपक अग्रवाल, वीरेंद्र तिवारी, रवि काकडे, चिंटू राठौर, संभाजी सगरे, समर्थ चिटनिस, महेन्द्र पारीक, धनराज महाजन, गौरव शुक्ला ,राकेश पुर्वे सहित भाजपा के नेताओंए समाजबंधुओं, कॉटन एवं कपडा व्यापरीयों, देव राजस्थानी समाज के वरिष्ठ ट्रस्टी भगवती प्रसाद जी बगड़िया, धर्मचंद जी जैन, गणमान्यों ने उन्हे बधाई देते हुवे दिर्धायु जीवन की मंगल कामनाए की।

बुरहानपुर पुलिस के समस्त थानों एवं चौकियों, पुलिस लाईन में स्टाफ द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान योग

नवभारत न्यूज,

बुरहानुपर। बुरहानपुर पुलिस के समस्त थानों एवं चौकियो, पुलिस लाईन में स्टाफ द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान योग। कार्यक्रम का उद्देश्य ध्यान के प्रति पुलिस बल को जागरूक कर उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थय में सुधार लाना है।

डीजीपी पुलिस के आदेश अनुसार पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार को सभी थानों में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में दिनांक 04/01/2026 को पुलिस की तनावपूर्ण व चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलते, पुलिसकर्मियों के शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेणुका पुलिस लाइन ग्राउंड बुरहानपुर के साथ.साथ जिलेभर के समस्त अनुभागों एवं थाना/ चौकी स्तर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारीए कर्मचारी ने सहभागिता कर ध्यान योग अभ्यास किया।

मकर संक्रांति पर्व पर भाजपा युवा नेता ने संस्कृति बचाओ मंच के माध्यम से की सार्थक पहल

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। पतंग उत्सव सूर्य के उत्तरायण का स्वागत करता है आपसी भाईचारे, उत्साह और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बच्चों व युवाओं में रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाता है यह पर्व फसल कटाई से जुड़ा है किसानों के लिए नई शुरुआत व समृद्धि का प्रतीक है मकर संक्राति तिल गुड़ की मिठास के साथ.साथ पतंगबाजी के उत्साह से भरा पर्व है। लेकिन पतंगबाजी के पेंच लड़ाकर, हर पल रोमांच और अनगिनत खुशियों से भर देने वाला यही पर्व एक ही पल में आपसे सारी खुशियां छीन भी सकता है। क्योंकि पतंग उड़ाने के लिए आप जिस चाईनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं, वह बेहद खतरनाक भी हो सकता है। यह बात मंच संयोजक गजेंद्र पाटील ने देशी मांझा अपने हाथों से सुतकर एक संदेश के तौर पर युवाओं को दी। उन्होंने कहा कि पहले कच्चे धागे से पारंपरिक तरीके से जो मांझा सूता जाता था वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचता था। जबकि आजकल का चाइनीज मांझा लोगों की जान तक ले रहा है यही नहीं पशु पक्षी भी इसकी चपेट में आ रहे हैं

चाइनीज मांजे से रहे दूर:- गजेंद्र पाटील ने पतंग उड़ाने वाले आम जनमानस व युवाओं से अपील करते हुए कहा कि संक्रांति के पहले ही बाजार रंगबिरंगी, छोटी.बड़ी, विभिन्न आकार की पतंगों से सज जाता है। इनमें से आप अपने मुताबिक कोई भी पतंग चुन सकते हैं, लेकिन इसे उड़ाने के लिए आप जिस मांझेए यानि पतंग उड़ाने वाली डोर का प्रयोग कर रहे हैं उससे सावधान हो जाएं।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विगत दिनों में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण हुई घटना के बाद प्रदेश सरकार द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कठोर निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उक्त घटना को सजगता एवं गंभीरता से लेते हुए बुरहानपुर जिले में भी स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में प्रभारी मंत्री सिलावट ने जिले में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को लेकर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह से दूरभाष पर चर्चा कर जिले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में की जा रही संपूर्ण जल आपूर्ति का नियमों और मापदंडों के अनुसार परीक्षण

किया जाएए ताकि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि सर्वे में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर लीकेज रिपेयरए नल कनेक्शनों का सुधार तथा लो.प्रेशर की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए।

नगर निगम बुरहानपुर द्वारा पेयजल संबंधी समस्याओं जैसे दूषित जलप्रदाय, लो प्रेशर और लीकेज रिपेयर आदि के लिए टोल फ्री नंबर 07325.255019 जारी किया गया है। वहीं समस्याओं के समय पर निराकरण करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्ति किए गए है। निर्देशानुसार उपयंत्री सुनील कुमार चौहान एवं सुरेश डोडियार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं सभी 48 वार्डों में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइनों का सघन सर्वे करने के लिए निगम के 48 कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। यह कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्र में भ्रमण करके पाइप लाइन से दूषित जलापूर्ति, लीकेज, बार.बार होने वाले लीकेज के स्थानों, सीवर लाइन के निकट होने वाले लीकेज व लो प्रेशर वाले स्थानों को चिन्हित करके प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। रिपोर्ट में प्राप्त जानकारी अनुसार रिपेयर व मेंटेनेंस का कार्य कराया जाएगा।

निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा कार्य जारी:- शनिवार को राजघाट रोड पर नगर निगम की जलप्रदाय के पुराने 16 नल कनेक्शनए जो नालियों से होकर गुजर रहे थे, उन्हें काटकर बंद किया गया। पुराने पाइप निकाले गए एवं वर्तमान में उक्त क्षेत्र में जलावर्धन योजना अंतर्गत जलप्रदाय किया जा रहा है। रास्तीपुरा वार्ड में 4 इंच स्लुस वाल्व लीकेज को ग्लेन कर रिपेयर किया गया। डाकवाड़ी वार्ड के गोटी मोहल्ला में पाइपलाइन ब्लॉकेज का रिपेयरिंग कार्य एवं लालबाग. चिंचाला वार्ड में पाइपलाइन लीकेज का मरम्मत कार्य जारी है। शनवारा ओवरहेड टैंक की मोनो ब्लॉक मोटर पंप लीकेज का रिपेयर कार्य किया गया। शिकारपुरा वार्ड में कश्मीरा टेक्सटाइल के पास पाइपलाइन लीकेज रिपेयर किया गया। सरदार पटेल वार्ड में नल कनेक्शन रिपेयरिंग के कार्य किए गए। नवीन जल आवर्धन योजना अंतर्गत द्वारा कार्य किए जा रहे है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाइपलाइन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं शिकायत निवारण तंत्र सुदृढ़ीकरण करने के निर्देश जारी किए गए है।

पुलिस अधीक्षक ने रेणुका पुलिस लाइन का निरीक्षण

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। दिनांक 04/01/2026 को पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा चतंज प्रात: 8.00 बजे रेणुका पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिस लाइन में स्थित दिशा लर्निंग सेंटर का अवलोकन कर वहां उपलब्ध अध्ययन सुविधाओंए संसाधनों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एस.एफ.कंपनी बैरिक का निरीक्षण कर जवानों की आवासीय, साफसफाई एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण कर खेलकूदए शारीरिक प्रशिक्षण एवं अनुशासन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन में निवासरत पुलिस परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएंए आवश्यकताएं एवं सुझाव सुने गए। प्राप्त समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा .निर्देश दिए गए। निरीक्षण दौरान रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर, एमटीओ महेंद्र राय, पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर — सिरपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष ने किए श्री मोती माता के दर्शन, देश में सुख ,शांति एवं समृद्धि के लिए की मंगलकामना

भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, पार्टी गतिविधियों के क्रियान्वयन को प्राथमिकता देने की बात कही

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने अपने एक दिवसीय प्रवास पर प्रसिद्ध लोखंडीया स्थितमेला स्थल पहुचकर श्री मोती माता के दर्शन कर देश , प्रदेश और जिले में सुख ,शांती एवं समृद्धि के लिए मंगल कामनाए की । इस दौरान आपने मेले का भी आनंद भाजपा के जनप्रतिनिधीयों ,पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लिया। इस दौरान आपके साथ नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु , अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ईश्वर चौहान, पिछडा वर्ग मोचो के जिलाध्यक्ष सुनिल वाद्ये ,खकनार जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी निलेश चौकसे सहित पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने रविवार को ग्राम लोखंडीया पहुचे यहां आपने श्री मोती माता के दर्शन कर आशिर्वाद लिया तथा ने किए मोती माता के दर्शन, देश में सुख ,शांती एवं समृद्धि के लिए की मंगलकामना देश , प्रदेश और जिले में सुख ,शांती एवं समृद्धि के लिए मंगल कामनाए की । आपने

नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु , अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ईश्वर चौहान, पिछडा वर्ग मोचो के जिलाध्यक्ष सुनिल वाद्ये ,खकनार जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी निलेश चौकसे आदि के साथ मेला परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान आपने मेला समिति के पदाधिकारीयों एवं समाजजनो से भी मुलाकात की एवं मेले को लेकर व्यवस्था पर चर्चाकर संतोष व्यक्त किया। इस भव्य मेले को लेकर समाजजनो को बधाई देते हुवें उनके जीवन में माता रानी खुशीयां एवं उनकी मनोकातना पुरी करे एसी प्रार्थना भी की।

मेले का लिया आनंद:- भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने द्वारा मेल की प्रसिद्ध मिठाई ,नमकीन का आनंद लिया, वही झुलों में भी पार्टी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर उसका आनंद लिया । डॉ. माने ने मंदिर ट्रस्ट, मेला समिति , जिला एवं पुलिस प्रशासन की चाकचौबंध व्यवस्थाओं को लेकर उनकी प्रशंसा की।

सिरपुर में बैठक:- भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने अपने प्रवास दौरान ग्राम सिरपुर पहुचे और पार्टी के स्थानिय प्रदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात

कर पार्टी के कार्यक्रमो एवं गतिविधीयों को निरंतर समय पर करने, संगठन को मजबुत कनाए रखने के लिए सतत आम जनमानस की समस्याओं के समाधान का प्रयास करने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन तक पुहचे इसको लेकर कार्य करने पर बल दिया।

भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि इस दौरान नेपानगर विधायक मंजु राजेन्द्र दादु, डॉ. मनोज माने भाजपा जिला अध्यक्ष बुरहानपुर अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर चौहान , पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील वाघे ,प्रकाश लॉड ,रामलाल राठौड़ ,गणेश पाटील , कैलाश महाराज, शालिक पाटील, प्रभाकर मुंगसे ,पवन लहासे, निलेश चौकसे ,राजवीर राठौड़ ,मंडल महामंत्री शुभम चौकसे, जितेंद्र भारते, विजय महाजन, राहुल महाजन, ममलेश महाजन, दिनेश मोहन, गणेश महाजन, सागर राजोरिया, गजराज राठौड़, वसंत राठौड़, छगन राठौड़, अशोक राठौड़, लक्ष्मण पवार, ईश्वर जाधव , प्रवीण पवार, प्रवीण राठौड़, वैभव महाजन, विक्रम सिंह पटवा, कामेश चौकसे, दशरथ पवार, राजू हरि, नवल महाराज, विकास माने आदि उपस्थित थे।